>

Title: Need to issue ration cards to the people of weaker section belonging to Jharkhand and residing in Delhi.

**श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) :** उपाध्यक्ष महोदय, मुझे सदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि साऊथ दिल्ली के वसंत कुंज, कोटला, पश्चिम दिल्ली के करमपुरा, जनकपुरी, विकासपुरी एवं पूर्वी दिल्ली के कई क्षेत्रों में झारखंड राज्य के समाज के कमजोर वर्ग के आदिवासी हरिजन, अत्यंत पिछड़े वर्ग के लोग अपने जीविकोपार्जन हेतु वर्षों से दिल्ली में रहते आए हैं, किन्तु खेद है कि उनके पास अभी तक राशन कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया है, जिसके कारण वे सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभों से वंचित हो रहे हैं।

अत: जनहित में मेरी मांग है कि अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में रह रहे लोगों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया जाए।[rep98]